हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शनिवार 19 जुलाई 2025

तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

10 कृषि स्थाई समिति ने 3 जलाशयों के पट्टा आवंटन...



12 सभी बच्चों को मिले किताबें, पढ़ाई न हो प्रभावित : कलेक्टर उइके








# 2.43 करोड़ रुपए का स्वास्थ्य केंद्र दो साल में हुआ जर्जर, भ्रष्टाचार का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड के ग्राम अमलीपदर में महज दो साल पहले 2 करोड़ 43 लाख रुपये की लागत से बने 30 बिस्तरों वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन की हालत बेहद खराब हो गई है। यह भवन अब भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। स्वास्थ्य केंद्र के 6-7 कमरों में लगी टाइल्स टूट चुकी हैं, और पोर्च में लगी पार्किंग टाइल्स भी कई जगह से उखड़ गई हैं।

सबसे गंभीर स्थिति ऊपरी मंजिल की है, जहाँ छत से लगातार पानी टपक रहा है और दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारें पड़ गई हैं। अस्पताल के कई हिस्सों में नलों से पानी लगातार रिस रहा है, जिससे मरीजों और स्टाफ दोनों को भारी परेशानी हो रही है।

**कलेक्टर की फटकार के बाद हरकत में आया विभाग-** अस्पताल की इस दयनीय स्थिति पर कलेक्टर की फटकार के बाद, सीजीएमएससी (छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन) के सब-इंजीनियर मुकेश कुमार निरीक्षण करने पहुँचे। उन्होंने स्वीकार किया कि अस्पताल का निर्माण खेत की जमीन पर किया गया है, जिसके कारण प्लिंथ लेवल ऊंचा रखने के बावजूद समस्याएं आ रही हैं। इंजीनियर ने आश्वासन दिया कि निर्माण एजेंसी का गारंटी पीरियड अभी बाकी है और जल्द ही मरम्मत कार्य शुरू कराया जाएगा।

## स्वास्थ्य केंद्र के 6-7 कमरों में लगी टाइल्स टूट चुकी



### 40 पंचायतों की उम्मीदों पर संकट

यह अस्पताल 2023 में बना था और आसपास की 40 पंचायतों की आबादी अपनी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए इसी पर निर्भर करती है। लेकिन अब इस निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। अस्पताल स्टाफ के लिए बनाए जा रहे क्वार्टर भी अभी तक पूरे नहीं हुए हैं, जिसके चलते कई कर्मचारी अस्पताल की ऊपरी मंजिल में ही रहने को मजबूर हैं। ग्रामीण और मरीज चिंतित हैं कि यदि जल्द ही मरम्मत और सुधार कार्य नहीं हुआ, तो यह अस्पताल किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों और निर्माण एजेंसी पर कड़ी कार्रवाई की मांग की जा रही है ताकि जनता के पैसों से बनी सार्वजनिक संपत्ति की बर्बादी रोकी जा सके और ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

## खबर संक्षेप



### सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी

**मैनपुर।** सावन का पवित्र माह प्रारंभ होते ही मैनपुर क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल पैरी उदगम भाठीगढ एवं सिध्देश्वर महादेव में बड़ी संख्या में शिवभक्त व श्रद्धालु पहुंचकर जलाभिषेक पूजा अर्चना कर रहे हैं यह तस्वीर सिद्धेश्वर महादेव लालपथरा की है।

### 21 को कामिका एकादशी पर भक्ति का आयोजन

**छुरा।** नगर में 21 जुलाई सोमवार को कामिका एकादशी पर भक्ति का भव्य आयोजन होगा। सांस्कृतिक भवन में शाम से श्री श्याम के संकीर्तन की गूंज सुनाई देगी। आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। गणेश अग्रवाल, राजु अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, शशिकांत अग्रवाल, शिवशंकर अग्रवाल, उज्जवल जैन सहित श्याम प्रेमी आयोजन को सफल बनाने में जुटे हैं।कार्यक्रम में अलौकिक श्रृंगार, मध्य दरबार, अखंड ज्योत, पुष्प और इत्र वर्षा की विशेष व्यवस्था रहेगी। भजन संध्या में लाठोर के प्रसिद्ध भजन गायक संदीप और योगेश अग्रवाल अपनी प्रस्तुति देंगे। उनके भजनों से पूरा परिसर भक्तिमय हो जाएगा।आयोजक 'करने वाले श्याम, कराने वाले श्याम' परिवार ने सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार पहुंचकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

### बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट के वाहनों पर जुर्माना

**गरियाबंद।** जिले में परिवहन विभाग द्वारा 01 अप्रैल 2019 के पूर्व के समस्त वाहनों में एच.एस.आर.पी. नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य किया गया है, जिसके अंतर्गत जिला परिवहन कार्यालय के द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों में लगातार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में छुरा ब्लॉक में 21 से 26 जुलाई तक शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि 21 जुलाई सोमवार को ग्राम पंचायत भवन दादरगांव में शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार 22 जुलाई मंगलवार को ग्राम पंचायत भवन कनसिंघी, 23 जुलाई बुधवार को पंचायत भवन दुल्ला, 24 जुलाई गुरूवार को पंचायत भवन मुड़ागांव में, 25 जुलाई शुक्रवार को पंचायत भवन अमेठी में और 26 जुलाई शनिवार को पंचायत भवन पाठसिवनी में शिविर आयोजित किया जायेगा, जिसमें नागरिक उपस्थित होकर अपनी एच.एस.आर.पी. नंबर प्लेट लगवाने के संबंध में आवेदन कर सकते हैं।

### महुआ शराब जब्त युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम धनसुली में एक युवक के पास से महुआ शराब जब्त किया गया है। सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि ग्राम धनसुली के आरोपी रवि शंकर विश्वकर्मा पिता नुनकर विश्वकर्मा (32 वर्ष) के कब्जे से कुल छह लीटर महुआ शराब कीमत 1200 रुपए को जब्त किया गया।

**विडंबना :** ओड़िशा सीमा पर बसे कोदोमाली के ग्रामीणों को किसी मसीहा का इंतजार

# कोदोमाली गांव विकास से है कोसों दूर ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं को तरस रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण को 25 साल बीत चुके हैं, लेकिन गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर के बीहड़ जंगल में ओडिशा सीमा पर बसे ग्राम पंचायत साहेबिनकछार के आश्रित ग्राम कोदोमाली में विकास की रोशनी आज भी नहीं पहुँची है। यह वही क्षेत्र है जहां की धरती कीमती हीरा और अलेक्जेंडर उगलती है और वन संपदा से भरपूर है, बावजूद इसके, यहां के मूल निवासी आदिवासी बुनियादी सुविधाओं जैसे पक्की सड़क, पुलिया, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली के लिए तरस रहे हैं। कोदोमाली तक पहुँचने के लिए आज भी कोई पक्की सड़क नहीं है। बारिश के दिनों में सड़क पर घुटने तक कीचड़ और दलदल हो जाता है, जिससे मोटरसाइकिल भी नहीं चल पाती और ग्रामीणों को मीलों पैदल चलना पड़ता है। मार्ग में पड़ने वाली नदियों और नालों पर पुल-पुलिया का निर्माण नहीं हुआ है। गाँव में कोई स्वास्थ्य सुविधा नहीं है। बीमार और गर्भवती महिलाओं को कांवर या खाट पर उठाकर मैनपुर अस्पताल लाना पड़ता है, ▶▶| शेष पेज 10 पर

## सड़क, पुल पुलिया, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षक जैसे बुनियादी सुविधाओ के लिए तरस रहा गांव





### बिजली और पेयजल की गंभीर समस्या

कोदोमाली में आज तक बिजली नहीं पहुंची है। विडंबना यह है कि इस गांव से महज आधा किलोमीटर दूर ओडिशा के पहले गांव में चकाचक बिजली की रोशनी चमकती है। गांव में सौर ऊर्जा प्लांट लगाया गया था, लेकिन उसके प्लेट खराब होने के कारण उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीण आज भी रात का अंधेरा दूर करने के लिए लकड़ी जलाते हैं।



### शिक्षा व्यवस्था पर सवाल

कोदोमाली प्राथमिक शाला में 60 और पूर्व माध्यमिक शाला में 31 छात्र अध्यनरत हैं। लेकिन, मिडिल स्कूल के एक शिक्षक शिवकुमार साहू को नियम विरुद्ध तरीके से मूल शाला कोदोमाली से हटाकर मैनपुर बीईओ/बीआरसीसी कार्यालय में अटैचमेंट पर रखा गया है। इससे एक ही शिक्षक होने के कारण पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने कई बार अपने शिक्षक को वापस स्कूल भेजने की मांग की है, लेकिन ब्लॉक स्तर के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कलेक्टर बीएस उइके और नए जिला शिक्षा अधिकारी से तत्काल शिक्षक को वापस भेजने की मांग की है, अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दी है।

## 9 लाख नकद व 5 किलो गांजा जब्त, आरोपी युवक गिरफ्तार



**अभनपुर।** अभनपुर बस स्टैण्ड मे अवैध रूप से भारी मात्रा मे मादक पदार्थ गांजा ब्रिकी करने लेकर जा रहा व्यक्ति को अभनपुर पुलिस गिरफ्तार कर उसके पास से 4 किलो 500 ग्राम गांजा एवं एक नग रेडिमी कंपनी का मोबाईल सहित प्रदीप चन्द्राकर उम्र 48 वर्ष वार्ड नंबर 10 का निवासी को गिरफ्तार किया गया है। अभनपुर थाना प्रभारी सत्येन्द्र सिंह श्याम को सूचना मिलते ही अपनी टीम के साथ बस स्टेण्ड अभनपुर आ रहे थे इसी दौरान आरोपी प्रदीप चन्द्राकर पैदल अपनी घर की ओर जा रहा था घेराबंदी कर उसे पकडक़र बैग की तलाशी ली गई जिसमे 4 किलो 500 ग्राम गांजा व 40 हजार नगदी मिला इसके बाद आरोपी के घर मे छापेमारी की गई इस दौरान उसके शयनकक्ष के दीवान पलंग मे 8 लाख 60 हजार रूपये नगद बरामद किया गया आरोपी के पास से मादक पदार्थ गांजा एवं नगदी सहित कुल 9 लाख 52 हजार रूपये जप्त कर धारा 20(ख) नारकोटिक एक्ट के तहत कार्यवाही किया जा कर गिरफ्तार करके ज्यूडिशियल रिमांड पर न्यायालय रायपुर रवाना किया गया। अभनपुर थाना प्रभारी सत्येन्द्र सिंह श्याम ने बताया कि उपरोक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेन्द्र सिंह,अतरिक्त पुलिस अधीक्षक नवा रायपुर विवेक शुक्ला,नगर पुलिस अधीक्षक नवा रायपुर कर्ण कुमार उइके द्वारा क्षेत्र मे निजात नशा मुक्ति कार्यक्रम के तहत प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश के परिपालन मे क्षेत्र मे कड़ी कार्यवाही की जा रही है गांजा तस्कर को पकडऩे मे उप निरीक्षक भीम कुमार सोम,प्रधान आरक्षक बलराम धुरव,आरक्षक धनेश रात्रे,मुलायम सिंह कुंजाम,दिनेश उपाध्याय की प्रमुख भूमिका रही।

# सरपंच और सचिव को आपसी समन्वय बनाकर करना है काम : पन्नालाल ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



नगर के आदिवासी समाज भवन सरपंच एवं सचिवों की बैठक हुई जिसमें विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुआ। बैठक में क्षेत्र के लगभग 50 से 60 सरपंच, सचिव कुल 120 लोग उपस्थित रहे। सरपंच संघ के अध्यक्ष पन्नालाल ध्रुव ने कहा कि लंबे समय से सरपंच, पंचायत सचिव को एक साथ समन्वय बैठक की तैयारी की जा रही थी इस दिशा में प्रयास किया गया है और सरपंच और सचिवो की बैठक में कई विषयों पर सहमति बनी है। उन्होंने बताया कि पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत चल रहे कार्यों को किसी अन्य व्यक्ति का हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा और अपने क्षेत्र में निर्माण सहीत सभी कार्य सरपंच और सचिव ही करेंगे, कई ग्राम पंचायत में सचिवों के साथ संबंध शिकायत होने पर सरपंच और सचिवों की पांच-पांच लोगों की कोर समिति तय की गई है जिस पर विभिन्न सदस्यों पर चर्चा के पश्चात निर्णय लिया जाएगा उसके पश्चात से उन विषयों पर अन्य कार्रवाई की जाएगी इसके अलावा स्थानिय ग्राम पंचायत में बाहर से आ रहे हैं फर्जी पत्रकारों को सहयोग नहीं करने और स्थानीय पत्रकारों ▶▶| शेष पेज 10 पर

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फिंगेश्वर में 19 पुरुषों का नसबंदी ऑपरेशन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

■ लोगों को मिल रहा है ऑपरेशन की सुविधा

18 जुलाई को जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फिंगेश्वर में पुरुष नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 19 पुरूष नसबंदी का सफल ऑपरेशन सर्जन डॉ हरीश चौहान व डॉ. अमन कुमार हुमने के द्वारा किया गया।

बता दे कि विधायक रोहित साहू के विशेष प्रयास से दिनांक 30 जून 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फिंगेश्वर में ओटी कक्ष का शुभारंभ हुआ तब से अंचल के जनता को लाभ मिल रहा है।लगातार सिजेरियन प्रसव व ▶▶| शेष पेज 10 पर



### इनका रहा योगदान

शिविर में विशेष रूप से सीएचसी फिंगेश्वर प्रभारी डॉ अंकिता अग्रवाल पुरूष नसबंदी प्रभारी डॉ. विपिन लहरें, डॉ. भूपेन्द्र कुर्रे, डॉ. अमन विश्वास, बीपीएम सौरभ विरमानी, बीईटीओ योगेश पराना स्टाफ नर्स अनीता साहू, मिथलेश ध्रुव, कंचन कुर्रे, मानकुंवर साहू, रीना सोनी, देवनारायण ध्रुव, उतरा साहू, कौशल्या ध्रुव, लक्ष्मण साहनी, पर्यवेक्षक लेख राम वर्मा, आशा पोद्दार, राधा सोनी, संतोष निषाद आरएचओ कन्हैया देवागन, रोहित साहू, तोरण साहू, पुरूषोत्तम वर्मा, राजेन्द्र साहू, सहायक ग्रेड 02 उत्तम कुमार साहू, ड्रेसर बिमला साहू, प्रकाश साहू, खोमेश्वर साहू, वाहन चालक देवेंद्र घेवरिया व अन्य सभी अधिकारी कर्मचारी का विशेष सहयोग रहा।

**आबकारी आरक्षक भर्ती : 27 को जिले के 24 केंद्रों पर 5748 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा**

# व्यापमं की परीक्षा देने 2 घंटे पहले पहुंचना होगा केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

■ व्यापम की परीक्षा में अभ्यर्थियों के लिए नए दिशा-निर्देश जारी

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल की परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए नये दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। परीक्षा में नकल रोकने एवं अनुचित साधनों के उपयोग की संभावनाओं को खत्म करने के उद्देश्य से विभिन्न सुरक्षात्मक उपाय लागू किये गये है। जारी नये दिशा निर्देश अनुसार अभ्यार्थियों को परीक्षा के दिन निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में दो घंटे पूर्व अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा। ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं पहचान पत्र का सत्यापन किया जा सके। परीक्षा शुरू होने के आधा घंटा पहले मेन गेट को बंद कर दिया जाएगा। परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों की मेटल डिटेक्टर से जांच की जायेगी। नये नियम अनुसार अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आना होगा। फुटवियर के रूप में चप्पलों का उपयोग करना होगा। महिला अभ्यर्थियों को कान में किसी भी प्रकार का आभूषण पहनना वर्जित है। व्यापम से मिली जानकारी के अनुसार यदि इंटरनेट से प्राप्त प्रवेश पत्र पर फोटो नहीं आता है, तो अभ्यर्थी अपने साथ दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो ले कर परीक्षा केंद्र में आना होगा। निर्देशों का पालन ना करने पर अभ्यर्थी को परीक्षा देने से वंचित किया जायेगा। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त की जावेगी। परीक्षार्थी परीक्षा समाप्ति के आधा घंटा पश्चात ही परीक्षा कक्ष से बाहर जा सकेंगे। उल्लेखनीय है कि 27 ▶▶| शेष पेज 10 पर

### खास बातें

- परीक्षा शुरू होने के आधा घंटा पहले बंद हो जाएगा मेन गेट
- परीक्षार्थियों की मेटल डिटेक्टर से होगी जांच
- आधी बांह वाले कपड़े और चप्पल पहनकर अभ्यर्थियों को देना होगा परीक्षा
- महिलाओं को कान में आभूषण पहनना रहेगा वर्जित

### व्यापम की प्रति हो जाएगी परीक्षा केंद्र में जमा

परीक्षार्थी को प्रवेश पत्र के सभी पेज का प्रिंट आउट ले के जाना होगा। प्रवेश पत्र पेज के केवल एक तरफ प्रिंट करने के निर्देश दिये गये है। क्योंकि प्रत्येक परीक्षा हेतु व्यापम की प्रति परीक्षा केंद्र में जमा हो जाएगी। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र के साथ पहचान पत्र के रूप में मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड, आधार कार्ड जिसमें अभ्यर्थी का फोटो हो, का एक मूल पहचान पत्र परीक्षा दिवस में परीक्षा केंद्र में लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे। परीक्षार्थी परीक्षा कक्षा में केवल काले या नीले बाल पॉइंट पेन को ही उत्तर अंकित करने हेतु उपयोग किया जा सकता है। किसी भी प्रकार के संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी या अन्य सामग्री लेकर जाना पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। परीक्षा कक्ष में पर्स, पाउच, स्कार्फ बेल्ट, टोपी जैसे अन्य सामान पूर्णतः वर्जित है। चयन तथा प्रवेश के समय प्रवेश पत्र मांगा जाता है, अतः इसे सुरक्षित रखें। व्यापम द्वारा दोबारा प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जावेगा। धार्मिक या सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा। उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरना पड़ेगा तभी उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश की अनुमति होगी।

# जंगलों को बांस करील की अवैध कटाई से है खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



स्वादिष्ट सब्जी 'करील' के नाम पर, मैनपुर क्षेत्र के जंगलों में बांस के कोपलों (करील) की बड़े पैमाने पर अवैध कटाई की जा रही है। प्रतिबंध के बावजूद, कुछ लोगों द्वारा वनों से बांस का सफाया किया जा रहा है, जिसे एक तरह से बांस की 'भ्रूण हत्या' कहा जा रहा है। बांस के पेड़ के कोपल निकलते ही उन्हें काटकर करील बनाकर बेचा जा रहा है। वैसे तो हर साल इस मौसम में करील बाजारों में आसानी से मिलता है, लेकिन कुछ लोग बड़े पैमाने पर इसका व्यवसाय कर रहे हैं। जानकारी मिल रही है कि इस क्षेत्र के जंगलों से बड़े पैमाने पर करील की तस्करी कर बड़े शहरों में बेचा जा रहा है, बावजूद इसके वन विभाग इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दे रहा है, जो समझ से परे है।

**ग्रामीणों की चिंता-** क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि सब्जी के लिए थोड़ा-बहुत करील बिकना तो समझ आता है, लेकिन कुछ ओडिशा प्रदेश के लोगों द्वारा लगातार जंगलों में जमकर करील की तस्करी की ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### उपसरपंच ने परसदा जोशी में भवन का किया लोकार्पण

**राजिम**। ग्राम परसदा जोशी में महिला स्व सहायता समूह के भवन का लोकार्पण ग्राम के उपसरपंच ज्ञानेश शर्मा के करकमलो द्वारा हुआ। उनका उद्देश्य महिलाओं के हित में जो भी योजनाएं है उनको उन तक पहुंचाना तथा महिलाओं की आर्थिक समस्याओं का निराकरण करना है। महिलाओं के विकास कों ध्यान रखतें हुए उन्होंने अनेक योजनाओं को ग्राम में लाने का प्रयास किया है जो बहुत ही जल्द उन्हें प्राप्त हों और वे सभी हर क्षेत्र में आगे बढ़े। महिला स्व सहायता समूह का उदघाटन उन्होंने श्रीफल तोड़कर किया इस कार्यक्रम में ग्राम की 42 स्व सहायता समूह के सभी अध्यक्ष, और सचिव मौजूद थीं। सभी नें अपने नवनिर्मित भवन के लिए उनका आभार प्रकट किया।

### बालक आश्रम धुरवागुड़ी में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण



**मैनपुर**। तहसील मुख्यालय मैनपुर से 50 किमी दूर अनुसूचित जाति बालक आश्रम धुरवागुड़ी में आज शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मैनपुर द्वारा बच्चो का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी बच्चो का सर्दी, खांसी, बुखार व स्वास्थ्य परीक्षण कर समय पर नाखून काटने, खाना खाने से पूर्व अच्छी तरह से साबुन से हाथ धोने के संबंध में जानकारी दी गई साथ ही बच्चो को दवा वितरण किया। इस मौके पर प्रधान पाठक आनंद कुमार साहू, आश्रम अधीक्षक हरलाल नायक, श्रीमति संतोशी ध्रुव, तोरण यादव एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### विधायक रोहित का किया गया सम्मान



**राजिम**। विधायक रोहित साहू द्वारा लगातार किसानो और गरीबो के हित में काम किए जा रहे है। एक तरफ उन्होने गरीबो को पट्टा दिला रहे है और किसानों के लिए सिंचाई के संसाधन स्वीकृत करा रहे है। इसी तारतम्य में नगर पंचायत राजिम के सभापति कुलेश्वर साहू विधायक निवास पहुंचकर बुके भेंटकर सम्मान किया।

### ब्यूटीशियन प्रशिक्षण की हुई शुरुआत

**महासमुंद**। वैभवी वेलफेयर एजुकेशन सोसाइटी व पूनम सेवा संस्था के सहयोग से वार्ड नंबर 16 पुराण रावणभाटा डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद वार्ड में महिलाओं को ब्यूटीशियन का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

**बैठक : फिंगेश्वर में कृषि स्थाई समिति की महत्वपूर्ण बैठक**

# कृषि स्थाई समिति ने 3 जलाशयों के पट्टा आवंटन का प्रस्ताव पारित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, विकासखण्ड फिंगेश्वर में कृषि स्थाई समिति की महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। यह बैठक सभापति मंजू कमलेश साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कृषि के संवर्ग विभाग (मत्स्य विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग) के अधिकारी-कर्मचारियों ने अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। उन्होंने अपने-अपने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रस्तुत की। बैठक में सरकड़ा जलाशय (रकबा 10.50 हेक्टेयर) प्राथमिकता और पात्रता के अनुसार जय मां सम्लाई मछुआ सहकारी समिति, सरकड़ा को आवंटित करने का प्रस्ताव पारित हुआ। बोरिद जलाशय (रकबा 17.81 हेक्टेयर) प्राथमिकता और पात्रता के अनुसार जय डोंगरेश्वर मत्स्य पालन सहकारी समिति, बोरिद को आवंटित करने का प्रस्ताव पारित हुआ। जोगीडीपा जलाशय (रकबा 51.70 हेक्टेयर) प्राथमिकता और पात्रता के आधार पर जल क्षत्री मछुआ



सहकारी समिति, परसदा कला को आवंटित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। इस बैठक में जनपद पंचायत अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू, जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव और कृषि स्थाई समिति के जनपद सदस्य नीता साहू, नंदूराम यादव, रामेश्वरी चंद्रिका कुर्रे उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त, प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी केआर वर्मा, कृषि विकास अधिकारी खिलेश्वर कुमार साहू, मत्स्य निरीक्षक महेंद्र तांडेकर, उद्यान अधीक्षक युगल किशोर साहू, पशु चिकित्सा अधिकारी चारुमित्र चंद्राकर और कोमल चंद्राकर भी बैठक में मौजूद थे।

### अरहर मिनी किट का वितरण दलहन उत्पादन बढ़ाने पर जोर

**फिंगेश्वर**। कृषि विभाग द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के तहत फिंगेश्वर में अरहर मिनी किट का वितरण किया गया। यह वितरण जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सतीश यादव के कर-कमलों से संपन्न हुआ। मानसून आने के बाद कृषि कार्य पूरे जोरों पर हैं, और किसान धान की रोपाई व बुवाई के कार्य में लगे हुए हैं। गौरतलब है कि गरियाबंद जिले में दलहन फसलों का रकबा काफी कम है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए, अंचल के किसानों को दलहन फसलों का रकबा बढ़ाने के



उद्देश्य से अरहर बीज (किस्म भीमा) का वितरण किया गया। बीज वितरण कार्यक्रम में ग्राम बरोंडा के किसान विश्राम वर्मा, सखाराम वर्मा, कृष्ण कुमार निषाद, बालेश्वर यादव, मालिक राम साहू, राम सिंह साहू, बोधीराम साहू और खिलेश्वर साहू ने अरहर का बीज प्राप्त किया। किसानों ने बताया कि वे अरहर की खेती अपने धान फसल की मेड़ों पर करेंगे, जिससे उन्हें अतिरिक्त आमदनी प्राप्त होगी। इस अवसर पर कृषि विभाग के आरईओ हरिशंकर सुमेर और ममता गायकवाड़ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस पहल से जिले में दलहन उत्पादन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, जिससे किसानों की आय में भी वृद्धि होगी।

# पट्टाधृतिअधिकार संशोधन विधेयक पारित शहरी गरीबों को मिलेगा जमीन का हक



हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर


छत्तीसगढ़ विधानसभा में शुक्रवार को पट्टाधृति अधिकार (संशोधन) विधेयक सर्वसम्मति से पारित हो गया है। इस ऐतिहासिक विधेयक का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में वर्षों से रह रहे भूमिहीन और बेघर परिवारों को कानूनी रूप से पट्टे के माध्यम से जमीन का अधिकार प्रदान करना है। इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए, भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के जिला उपाध्यक्ष राजू साहू ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा और राजिम विधायक रोहित साहूको बधाई एवं आभार व्यक्त किया है। राजू साहू ने बताया कि यह विधेयक प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में रह रहे हजारों गरीब और आवासविहीन परिवारों के लिए आशा की किरण बनकर आया है। इससे न केवल उन्हें कानूनी जमीन का हक मिलेगा, बल्कि वे प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत पक्का आवास भी प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने इस कदम को मुख्यमंत्री की गरीब-जनहितैषी सोच और संकल्प का प्रतीक बताया। साहू ने आगे कहा कि यह विधेयक शहरी विकास को गति देगा, अवैध कॉलोनियों या झुग्गी बस्तियों को नियमानुसार वैध बनाएगा और नगर निकायों को योजनाबद्ध ढंग से विकास की दिशा में मदद करेगा। इससे हजारों हितग्राहियों को पीएमएवाय अर्बन का सीधा लाभ मिलेगा। राजू साहू ने राजिम विधायक रोहित साहू का भी धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने लगातार अपने क्षेत्र के शहरी गरीबों की आवाज विधानसभा में मजबूती से उठाई, जिसका परिणाम यह महत्वपूर्ण विधेयक है।

# सावन में शिवालयों में उमड़ी भीड़ जानें रुद्राभिषेक का महत्व व लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

सावन का पवित्र महीना चल रहा है और भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए शिवभक्त शिवालयों में उमड़ रहे हैं। जो लोग साल भर मंदिरों में कम दिखते हैं, वे भी सावन में भगवान शंकर को रिझाने में लगे हैं। पंडितों के अनुसार, भगवान शिव अपनी पूजा, अभिषेक और आराधना से बहुत जल्द प्रसन्न हो जाते हैं। पंडित पदुम पांडे के मुताबिक, सावन में भगवान शिव की पूजन-आराधना करना अत्यंत शुभ और फलदायी होता है। शिवपुराण की विद्येश्वर संहिता के अनुसार, श्रावण मास में किसी भी दिन घर या शिवालय में एक बार अभिषेक जरूर कराना चाहिए। शिव का अभिषेक करने से सभी प्रकार के शोक, दुख, कष्ट, अनिष्ट और दरिद्रता का नाश होता है। पंडित पांडे ने बताया कि सप्ताह के हर दिन महादेव का रुद्राभिषेक करने से अलग-अलग विशेष लाभ मिलते हैं सोमवार धन-धान्य से भरपूर होने का आशीर्वाद मिलता है। मंगलवार पति-पत्नी के बीच स्नेह बढ़ता है और कर्ज से मुक्ति मिलती है। बुधवार संतान सुख की प्राप्ति होती है। गुरुवार महालक्ष्मी की कृपा मिलती है, साथ ही सुख, सौभाग्य, धन और समृद्धि प्राप्त होती है। शुक्रवार जमीन-जायदाद, मकान, दुकान के कार्यों में आने वाली अड़चनें या निर्माण कार्य में होने वाली रुकावटें दूर होती हैं। शनिवार आयु और स्वास्थ्य लाभ मिलता है, तथा शनि और राहु शांत होते हैं। रविवार समस्त ग्रह बाधाएं दूर होती हैं और मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा मिलती है।

**सावन में भगवान शिव की पूज होती है फलदायी**



### मंत्र जाप और उसके फायदे

पंडित पांडे ने यह भी बताया कि श्रावण मास में जितना हो सके, शिव के दर्शन और मंत्र जाप अवश्य करना चाहिए। निम्नलिखित मंत्रों का जप करना विशेष लाभकारी है। ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम उर्वारूकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात (महामृत्युंजय मंत्र) ॐ नमः शिवाय, श्री शिवाय नमस्तुभ्यं इन मंत्रों के जप से स्वास्थ्य और दीर्घायु की प्राप्ति, मृत्यु के भय से मुक्ति, शारीरिक और मानसिक कष्टों से छुटकारा, सकारात्मक ऊर्जा का संचार, आत्मविश्वास और साहस में वृद्धि, तथा सफलता और समृद्धि प्राप्त होती है। सावन का यह पवित्र महीना शिव भक्ति और आध्यात्मिक उन्नति के लिए एक उत्तम अवसर प्रदान करता है।

### सांप, बिच्छू और कुत्ता काटने पर सही इलाज के बारे में दी जानकारी

**रसेला**। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रसेला में 18 जुलाई को सांप, बिच्छू, कुत्ता और मौसमी बिमारियों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रसेला के डॉ राहुल नेताम ने टीवी के माध्यम से कौन-सा सर्फ जहरीले और कौन-सी सर्फ जहरीले नही होते हैं, और सर्पदंश होने पर हमें क्या करना चाहिए और क्या नहीं और कभी भी बैगा गुनिया या झाड़ फूंक के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। सभी सर्फ जहरीले नही होते लेकिन सर्पदंश होने पर पीड़ित को घबराहट होती है । जो ऐसी स्थिति में जानलेवा हो सकती है। लोगों को बरसात के समय में जमीन पर नहीं सोना चाहिए। साथ ही कुत्ता काटने पर बताया कि जिस जगह पे कुत्ता काटा है उस जगह को अच्छी तरह साबुन से धोएं और सर्फ काटने पर उस जगह के थोड़े ऊपर गमछा या पट्टी से बांधना है। और तुरंत पीड़ित को शीघ्र निकट के स्वास्थ्य केंद्र में ईलाज के लिए लेकर आना चाहिए। साथ ही साथ अपने आस-पास के माहौल का ध्यान रखें, अपने घर के आसपास और बगीचे में घास पूस झाड़ियां, लकड़ी के ढेर और कूड़ा कचरा साफ रखें। रात में सतर्क रहें क्योंकि अक्सर रात में निकलते हैं। अगर आपको कोई सांप दिखाई दे तो उसे छेड़ने या पकड़ने की कोशिश न करें, उससे दूरी बनाए रखें और उसे अपना रास्ता बनाने दे। अगर आप किसी सांप के करीब आ जाते हैं, तो घबराएं नहीं धीरे धीरे पीछे हटे और उसे निकलने का रास्ता दे।

# राजिम क्षेत्र के पीपरछेड़ी जलाशय के लिए मिली 85 करोड़ की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

राजिम विधानसभा क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित पीपरछेड़ी जलाशय योजना को लेकर किसानों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आ रही है। राज्य शासन द्वारा इस योजना के लिए 84 करोड़ 94 लाख 6 हजार रुपए की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इस स्वीकृति से जलाशय के शीर्ष एवं नहर कार्यों को पूर्ण कर किसानों को स्थायी सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यह योजना 48 वर्षो से यानि वर्ष 1977 से लंबित थी,जिसे राजिम विधायक रोहित साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर अनुरोध किया था। विधायक के अनुरोध पर सीएम श्री साय ने इसे प्राथमिकता में लेते हुए स्वीकृत किया है। विधायक श्री साहू ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि इस बड़ी योजना के तहत राजिम विधानसभा क्षेत्र के 8 ग्राम जिसमें पीपरछेड़ी, बिहावझोला, मड़ेली, खड़मा, कोरासी, कुरेकेरा, करकरा एवं रानीपरतेवा के 1558 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा का लाभ मिलेगा। बता दें कि 9 मई को ग्राम मड़ेली में आयोजित सुशासन तिहार समाधान शिविर के दौरान विधायक रोहित साहू ने क्षेत्रवासियो के इस मांग के प्रति मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का ध्यान आकर्षित कराते हुए इस जलाशय के कार्य को पूरा करने का अनुरोध करते हुए राशि स्वीकृत करने कहा जिस पर सीएम श्री साय ने 85 करोड़ रूपए की घोषणा की थी। इस ऐतिहासिक निर्णय पर राजिम विधायक रोहित साहू ने क्षेत्र के सभी किसानों एवं ग्रामीणों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह स्वीकृति सिर्फ एक योजना की नहीं, बल्कि हमारे अन्नदाताओं के संघर्ष और हमारी प्रतिबद्धता की जीत है। किसानों को अब हर साल पानी के लिए संघर्ष करना नही पड़ेगा। श्री साहू ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए सीमए विष्णुदेव साय, जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप तथा वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी का विशेष रूप से आभार प्रकट किया है। मालूम हो कि यह योजना आने वाले समय में राजिम विधानसभा क्षेत्र के आदिवासी विकासखंड छुरा क्षेत्र की कृषि,रोजगार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हुए नया जीवन देने का कार्य करेगी। इस जलाशय के लिए 85 करोड़ रूपए की स्वीकृति होने पर क्षेत्र के किसानो ने हर्ष व्यक्त करते हुए सीएम विष्णुदेव साय और राजिम विधायक रोहित साहू के प्रति आभार जताया है।



# महानदी की धार में फंसी बुजुर्ग महिला की पुलिस ने बचाई जान





**राजिम**। शुक्रवार को राजिम की महानदी की धार में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक बुजुर्ग महिला फंसी हुई नजर आई। इस आशय की सूचना मिलते ही राजिम पुलिस बिना देर किए पहुंची और महिला को बाहर निकाली। महिला को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया गया। महिला की पहचान सुंदरनगर घोंट, के रहने वाली के रूप में हुई है। बहरहाल उक्त बुजुर्ग महिला महानदी के बीच धार में कै से पहुंची यह पता नही चल पाया है। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला को खतरे से बाहर बताया। डॉ उनके मानसिक स्थिति की जांच करने में लगे है। महिला के धार में फंसे होने की खबर पर महानदी पुल में लोगो का जमावड़ा लग गया।

# पीएम जनमन आवास के कार्यों को 30 सितम्बर तक करें पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

कलेक्टर बी.एस. उइके के निर्देशानुसार जिले में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के कार्यो में प्रगति लाने जिला पंचायत सीईओ जी.आर. मरकाम एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग नवीन भगत ने ब्लॉक स्तरीय अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने पीएम जनमन योजना की समीक्षा करते हुए स्वीकृत एवं प्रगतिरत कार्यो की जानकारी ली। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति सदस्यों के लिए योजना अंतर्गत बनाये जा रहे आवास कार्यो में प्रगति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि



आवास की मूलभूत सुविधा से लाभान्वित करने पीएम जनमन के तहत निर्माणाधीन आवास कार्यो को प्राथमिकता में लेते हुए 30 सितम्बर तक पूर्ण करे। साथ ही कार्यों की पूर्णता की निगरानी के लिए निरंतर मॉनिटरिंग भी करें। साथ ही आवास पूर्णता की ऑनलाईन एन्ट्री एवं जीओ टैगिंग सुनिश्चित करते हुए अपूर्ण आवासों को पूर्ण कराने ग्रामीणों को प्रेरित करने के भी निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एवं सहायक आयुक्त ने आवास निर्माण में आने वाली दिक्कतों, समस्याओं की भी जानकारी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी-कर्मचारियों से ली। साथ ही ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र एवं सरपंचों से समन्वय कर आने वाली दिक्कतों को दूर कर आवास निर्माण के कार्यो को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर बैठक में जनपद सीईओ गरियाबंद श्री के.सी. नागेश, एसडीओ आर.ई.एस, कार्यक्रम अधिकारी, तकनीकी सहायक, उप अभियंता सहित सरपंच सचिव, रोजगार सहायक एवं आवास मित्र मौजूद रहे।



### ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ ने किया पौधा रोपण

**राजिम**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अपील पर ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ के प्रदेश संरक्षक भूपेंद्र साहू ,प्रदेश अध्यक्ष सोमनाथ तारक व जिला अध्यक्ष झंगूराम साहू ने फलदार पौधा का रोपण कर ग्राम पंचायत संघ के भृत्यो को एक पेड़ माँ के नाम पौधा लगाने अपील किया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि संगठन विस्तार लगातार जारी है और आगामी समय में ब्लॉक को मजबूत करते हुए जिला स्तर पर बैठक करने एवं प्रदेश अध्यक्ष को उपस्थित होने निवेदन किया। ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ की मांग लगातार जारी है शासन प्रशासन को अवगत कराया गया है। ग्राम पंचायत की मांग सड़क से सदन तक पहुंच गया है। हम सब की एकता और सहयोग से ही हमारी मांग पूरी होगी। संगठन विस्तार पर लगातार चर्चा हुआ जो नहीं जुड़े है उनको जोड़ने की दिशा मे आगे काम किया जायेगा और उस दिशा मे लगातार हर सप्ताह अलग-अलग जिला मे बैठकों का दौर प्रारम्भ किया जायेगा। ताकि हम सब मिलकर अंतिम छोर मे काम करने वाले सभी भृत्य तक पहुंच सके। बैठक में भूपेंद्र साहू प्रदेश संरक्षक, सोमनाथ तारक प्रदेश अध्यक्ष, परमानन्द प्रदेश मिडिया प्रभारी, भुनेश्वर जिला अध्यक्ष बालोद,अध्यक्ष - गुलापसिन्हा उपाध्यक्ष - लच्छु राम कोषाध्यक्ष - रघुनाथ यादव सचिव - बेदन लाल साहू संरक्षक - झंगुराम साहू सदस्य - चुम्मन प्रमोद जीवन किशोर आनंद हरिराम कामेश्वर पटेल भंवरलाल योगेश्वर तुकेश लेखन ईश्वरीय बाल साहू मौजूद थे।

## पेज 9 के शेष...

### कोदोमाली गांव...

जो एक दर्दनाक और जोखिम भरा सफर होता है।

**पेयजल संकट-** वनांचल में बसे इस गाँव में पेयजल की गंभीर समस्या है। पानी की टंकी खराब हो गई है और ग्रामीण दो हैंडपंप से आयरनयुक्त लाल पानी पीने को मजबूर हैं। खाना बनाने के लिए भी उन्हें आज भी झरिया का पानी इस्तेमाल करना पड़ता है।

**जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की उदासीनता-** ग्रामीणों बंशीराम, उदय, बिजमल, गिरधर, शिबो मरकाम, तिलक राम, रोहन, गणेश राम, केसर राम, सोनाधर और अन्य ने बताया कि 1998 में तत्कालीन विधायक ओंकार शाह इस गाँव में पहुँचे थे, उसके बाद से आज तक कोई भी सांसद, विधायक, कलेक्टर या जिले का आला अफसर गाँव नहीं पहुँचा है। बीहड़ जंगल में बसे इस गाँव के अधिकांश ग्रामीणों को अपने सांसद और विधायक का नाम तक नहीं मालूम; उन्हें केवल हर पाँच साल में वोट देने के समय याद किया जाता है।

### सरपंच और सचिव...

को सहयोग करने की बात की गई है साथ कहां की अगर बाहर से आए फर्जी पत्रकारों द्वारा पंचायत में जबरदस्ती दबाव डाला गया तो उनके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

**20 लाख तक के निर्माण कार्य अब सरपंचों के माध्यम से कराने की मांग-** सरपंच सचिव द्वारा जनपद पंचायत के अधिकारियों के द्वारा दिए गए निर्देशों का पूरी तरह से पालन किया जाएगा एवं उन्हें हर संभव सभी प्रकार का सहयोग किया जाएगा ताकि ग्राम पंचायत में विकास के साथ-साथ शासन के द्वारा बनाए गए योजनाओं का भी हो सके, 20 लाख रुपए तक के निर्माण कार्य ग्राम पंचायत के सरपंचों के माध्यम से किया जाने के लिए शासन से मांग की जाएगी। इसी प्रकार से अन्य विषयों पर भी माहौल में चर्चा हुआ इसमें सभी सरपंच और सचिव की कमेटी का गठन किया गया है, इसमें पन्नालाल ध्रुव अध्यक्ष सरपंच, दीपक ध्रुव, राधेश्याम कवर ,हेमलता ध्रुव, गोदावरी दीवान, सचिव संघ की ओर से प्रवीण साहू, चेतन सोनकर, बोधन साहू, काशीराम साहू, झंगलू साहु है जो किसी प्रकार के विषय आने पर इन समितियां के निर्णय के पक्ष की आगे की कार्रवाई की जाएगी। बैठक में चेतन ठाकुर, दुवासु राम, जगबाई ध्रुव, केजा बाई ध्रुव, कीर्ति लता दीवान, करण ध्रुव, तेजकुवर कण्डरा, कमलेश बाई, पुलेश्वरी ध्रुव, सचिव की ओर से गजेंद्र साहू, तीरथ नेताम, द्वारका साहू, उमा दीवान, टीकम साहू, द्वारिका सेन, उमा कवर, भुनेश्वरी साहू सहित उपस्थित थे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य...

महिला नसबंदी का यहां पर सफल ऑपरेशन प्रारंभ हो गया है। इसी कड़ी मे शुक्रवार को एक नई उपलब्धि के तहत 19 पुरुष नसबंदी ऑपरेशन किया गया।सीएचसी फिंगेश्वर और क्षेत्रवासियों के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। आप्रेशन को लेकर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला गरियाबंद डॉक्टर यू एस नवरत्न के निर्देशन में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर व्हीके हिरौंदिया व डीपीएम गणपत नायक जिला स्वास्थ्य परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. लक्ष्मीकांत जांगड़े, जिला आरएमएनसीएच सलाहकार डॉ. योगेंद्र सिंह रघुवंशी के मार्गदर्शन मे शिविर सफलता पूर्वक संचालित हुआ।नसबंदी आप्रेशन के तहत राज्यपाल गोद ग्राम बिजली के 03 पुरुष नसबंदी भी शामिल है।

**नसबंदी के फायदे के बारे में बता कर किया प्रेरित-** बीएमओ डॉक्टर हिरौंदिया ने बताया कि सिजेरियन प्रारंभ के चलते यह निश्चित ही पूरे फिंगेश्वर विकासखंड के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। शासन द्वारा दिनांक 11 जुलाई 2025 से 18 जुलाई 2025 तक जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का आयोजन किया गया था। 11 जुलाई को समाचार पत्रें के माध्यम से पुरूषों को पुरूष नसबंदी कराने के लिए "अब आई पुरूषों की बारी परिवार नियोजन में बराबर की भागीदारी" थीम के साथ पुरूष नसबंदी कराने के लिए प्रेरित किया गया था जिसमें हमारे मितानिन व मैदानी क्षेत्र के कर्मचारी आरएचओ के द्वारा परिवार नियोजन के स्थाई साधन पुरूष नसबंदी हेतु घर घर जाकर लोगों को पुरूष नसबंदी के फायदे के बारे में बता कर पुरूष नसबंदी हेतु प्रेरित किया गया था, जिसकी बदौलत आज 19 पुरूष नसबंदी का सफल ऑपरेशन किया गया और आप्रेशन का यह क्रम चलता रहेगा।

### व्यापमं की परीक्षा...

जुलाई को आबकारी आरक्षक भर्ती के लिए जिले के 24 परीक्षा केन्द्रों में 5748 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां सुनिश्चित की जा रही है। उडनदस्ता दल द्वारा परीक्षा केन्द्रों की निगरानी की जाएगी। सभी परीक्षा केन्द्रों में पुलिस कर्मियों की भी ड्यूटी लगाई जा रही है। मॉनिटरिंग के लिए डीएसपी रैंक के पुलिस अधिकारी पुलिस नोडल अधिकारी रहेंगे। प्रत्येक 10 परीक्षा केन्द्रों के लिए तीन सदस्यीय उड़नदस्ता दल निगरानी के लिए तैनात रहेंगे। दल में पुलिसकर्मी भी मौजूद रहेंगे। दल परीक्षा केन्द्र में परीक्षा कक्षों के साथ-साथ केन्द्र के परिसर एवं गेट के बाहर का भी निरीक्षण करेंगे।

### जंगलों को बांस...

जा रही है। इसके चलते भविष्य में बांस के जंगल समाप्त होने का डर बना हुआ है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र के कुछ खास स्थानों पर इस व्यवसाय से जुड़े कारोबारी करील को लग्जरी वाहनों में भरकर तस्करी कर रहे हैं।

**बांस का पर्यावरणीय महत्व-** बांस की खासियत यह है कि यह वायुमंडल में ऑक्सीजन और कार्बन डाइऑक्साइड का आदान-प्रदान कर प्रकृति को संरक्षित करने में अहम भूमिका निभाता है। ऐसे में, इसकी अंधाधुंध कटाई से पर्यावरण पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।ग्रामीणों और पर्यावरण प्रेमियों ने वन विभाग से इस अवैध कटाई पर तुरंत रोक लगाने और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

ॐ

फीचर इम्पैक्ट

# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

भारती ग्रुप पिछले 28 वर्षों से विभिन्न संकायों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है, हमारे संस्था से शिक्षा प्राप्त कर ज्यादातर विद्यार्थी छत्तीसगढ़ व अन्य राज्यों के साथ - साथ विदेशों में सरकारी एवं निजी संस्थानों में बड़े पद पर कार्यरत है, कई विद्यार्थी बड़े रूप में स्व रोजगार स्थापित कर लोगों को रोजगार प्रदान कर रहे है, जिससे हमारी संस्था के साथ - साथ अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित कर रहे है, यही हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य है, जिसे निरंतर आगे बनाए रखेंगे इसी विश्वास के साथ...

**विकसित छत्तीसगढ़ @2047 के लक्ष्य को पाने के लिए भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग शिक्षा, कौशल और नवाचार के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर, नये-नये पाठ्यक्रम संचलित कर युवाओ को उच्च-शिक्षा प्रदान कर रहा है। विद्यार्थियों को अपने ही राज्य में रहकर कम खर्च में अध्ययन करा रहें हैं, जिससे राज्य के विद्यार्थियों को स्व-रोजगार प्राप्त करने का नव-अवसर मिल रहा है और आगे मिलता रहेगा...**

## - TOP RECRUITERS -

WIPRO LTD. · ASHOK L by LAYAM GROUP · JINDAL ELECTRICAL · HCL INFOSYSTEMS LTD · TATA CONSULTANCY SERVICES · L&T CONSTRUCTION · SUZUKI MOTORS · MAHINDRA & MAHINDRA LTD. · SUZLON ENERGY LTD. · BOC INDIA LTD. · DHOOT TRANSMISSIONS · ADVIK HIGH TECH Pvt. Ltd. · HIRA POWER & STEEL · MAINTEC TECHNOLOGIES · IDBI BANK LIMITED · JUST DIAL LIMITED



श्रीमती द्रौपदी मुर्मू - राष्ट्रपति भारत द्वारा पुरस्कृत करते हुये

**Advance Diploma in Industrial Safety**



इंडस्ट्रीयल सेफ्टी में डिप्लोमा कर रोजगार के नए अवसर

भारती विश्वविद्यालय मे बीए, बीकाम, बीएससी डिप्लोमा एवं पीजी कोर्स सेमेस्टर प्रणाली में संचालित किये जा रहे है। विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में कोर्सेस की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा निति 2020 के सिलेबस को जोड़कर कई नये विषयों मे स्नातक एवं पीजी सेमेस्टर प्रणाली से पढ़ाई प्रांरभ किया गया है। विद्यार्थीयों को सिलेबस के विस्तृत ज्ञान की प्राप्ति एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से इस सेमेस्टर पाठ्यक्रमों को प्रांरभ किया गया है। सेमेस्टर प्रणाली में अध्ययन से IAS, IPS, IES, IFS, IRS आदि अन्य सभी शासकीय परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करना सरल होता है।





## ADMISSION OPEN FOR THE SESSION 2025-26

### Law
- B.A. LLB
- B.Com LLB
- LLM
- LLB

### Pharmacy
- D. Pharma
- M. Pharma
- B. Pharma
- Ph. D.

### Engineering
(Full Time / Part Time)
M.Tech / B.Tech / Diploma • CSE • Civil • ET&T • Mechanical • Electrical Artificial • Intelligence & Machine Learning

### Journalism
- BAJMC
- MAJMC

### Library Science
- M.Lib • B.Lib • D. Lib

### Hotel Management
- BHM • MHM

### Education
- D.El.Ed. • B.Ed. • M.Ed.

### Film Making
- B.A. • M.A.

### Physical Education
- Bachelor of Physical Education andSports (B.P.E.S) Eligibility (10+2)
- Masters of Physical Education and Sports (M.P.E.S) Eligibility (B.P.E.S)

### Arts/Science/Commerce
- B.Sc / M.Sc (Forensic Science)
- BBA • MBA
  - Hospital Management
  - Financial Management
  - Marketing Management
  - Human Resource Management
- DCA • BCA • PGDCA
- B.A. (Hons)/M.A
  - English • Sociology • Psychology • Hindi • Sanskrit • Yoga • Political Science • History • Geography • Public Administration
- B.Com. (Hons) • M.Com. • DSW
- BSW MSW • B.Stat • M.Stat
- BRS MPH • MRS
- B.Sc (Hons) / M.Sc
  - Chemistry • Maths • Physics • Biotechnology • Botony • Zoology • Microbiology • Computer Science • IT • Home Science • Multimedia & Design • Animation & Visual Effects

### Diploma Courses (1year)
- Forensic Science
- Yoga Science
- Interior Design
- Fashion Design
- Cyber Crime
- Digital Marketing
- Nutrition & Dietetics
- Multimedia & Graphic Animation

**Ph. D. Available in all Subject**
प्रवेश हेतु आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 23.07.2025
website: www.bhartiunivercity.org

Afft. to Ayush University, Raipur
**BAMS** Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery
**B.Sc (Nursing)**

Afft. to IGKV Raipur
**B.Tech. Agricultural**
**B.Sc. Agricultural**



**भारती विश्वविद्यालय** न केवल दुर्ग में, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में **कानून व्यवस्था, न्यायिक प्रक्रिया और फॉरेंसिक अनुसंधान** के क्षेत्र में शिक्षा का एक मजबूत केंद्र बनकर उभरा है।

फोरेंसिक साइंस के क्षेत्र में जॉब के सबसे ज्यादा मांग हैं। बीएससी फोरेंसिक साइंस विद्यार्थीयों को देश- विदेश के फोरेंसिक शिक्षण संस्थानों में प्राध्यापक एवं फोरेंसिक एक्सपर्ट के रूप में कार्य कर रहें है। **फॉरेसिंक साइस की पढ़ाई करके स्टूडेंट्स फॉरेंसिक वैज्ञानिक, फॉरेंसिक विश्लेषक, फॉरेंसिक मनोवैज्ञानिक बनकर अपना कैरियर संवार सकते है।** सरकारी विभागों जैसे गृह विभाग, पुलिस, इंटेलिजेंस और क्राइम इन्वेस्टिगेशन से संबंधित अन्य एजेंसियों में फोरेंसिक साइंस का विशेष महत्व है। डिजिटल फॉरेंसिक, साइकोलॉजी, क्रिमिनोलॉजी और साइबर सिक्योरिटी जैसे समकालीन विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं अल्पकालिक पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जो विद्याथियों को एक सशक्त कैरियर और रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं।

**· अत्याधुनिक प्रयोगशालाएँ· अनुभवी फैकल्टी एवं फील्ड एक्सपर्ट्स · इंटर्नशिप व लाइव प्रोजेक्ट्स के अवसर · सरकारी और निजी क्षेत्रों में प्लेसमेंट की सुविधा**

देश का आपराधिक न्याय तंत्र आज **एविडेंस-बेस्ड प्रणाली** की ओर अग्रसर है। हाल ही में लागू हुये तीन नये आपराधिक कानूनों के तहत **सात साल से अधिक सज़ा वाले अपराधों में फॉरेंसिक जांच अनिवार्य** कर दी गई है। इससे फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं की मांग और अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

**भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग** इस क्षेत्र में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और व्यावहारिक अनुभव प्रदान कर उन्हें एक उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर कर रहा है।

**फॉरेंसिक से जुड़े अपने सपनों को दीजिए एक नई उड़ान।**

**समाज में एक मजबुत व्यवस्था का निर्माण, जिससे न्याय और शांति की नीव रखी जाएगी**

**लॉ (कानून)** - लॉ एजुकेशन में विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में इस शिक्षा की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए लॉ संकाय में बीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी, एलएलबी एवं एलएलएम पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिये इंटीग्रेटेड लॉ 5 वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण, एलएलबी में प्रवेश के लिए किसी भी संकाय में स्नातक एवं एलएलएम में प्रवेश के लिए एलएलबी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। लॉ की पढ़ाई के बाद अपने कैरियर बनाने के कई विकल्प मौजूद हैं वकालत, न्यायाधीश, कानूनी सलाहकार बनने के साथ ही कॉर्पोरेट सेक्टर से संबंधित बैंकों, वित्तीय सेवा विभाग, वित्त और लेखा विभाग, पर्यटन उद्योग, मानव संसाधन विभाग, इंवेस्टमेंट बैंकिंग जैसे सेक्टर में अपार संभावनाएं हैं।

## ज्ञान, कौशल और सफलता की कुंजी इंजीनियरिंग

**हमारे छत्तीसगढ राज्य में भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप निर्माण कंपनी पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड एवं बड़ी बड़ी कम्पनियो के निवेश से तकनीकी क्षेत्र मे अध्ययन कर रहे विद्यार्थियो को राज्य में ही रोजगार के नया अवसर प्राप्त होगा ।**

एआईसीटीई से बीटेक एवं पॉलीटेक्निक पार्टटाइम कोर्स में प्रवेश की अनुमति प्राप्त की है। इस पार्टटाइम कोर्स के प्रारंभ होने से छत्तीसगढ़ में कार्यरत शासकीय एवं निजी क्षेत्रो पर कार्यरत प्रशिक्षार्थियों के लिये बहुत लाभकारी होगा। पॉलीटेक्रीक उत्तीर्ण प्रशिक्षु इंजीनियरिंग में इलेक्ट्रीकल, सिविल, मेनिकल, कम्प्यूटर ब्रांच में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षु डिप्लोमा पॉलीटेक्नीक में इलेक्ट्रीकल, सिविल, मेनिकल, कम्प्यूटर में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। इस प्रकार प्रशिक्षु अपने कार्यरत विभाग में पदोन्नति का अवसर प्राप्त कर निरंतर विकास की ओर अग्रसर हो सकते है।

**फूड एंड न्यूट्रीशन कोर्स कर सफल टाईटिशियन बनें**

दो वर्षीय एवं डिप्लोमा न्यूट्रिशन एक वर्षीय एंड डाइटेटिक्स कोर्स सुचारु रुप से संचालित है इस विषय में प्रवेश हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता 12वीं बायोलॉजी जीव विज्ञान, गणित विषय के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है एवं एमएससी के लिए बीएससी होम साइंस बीएससी फूड एंड न्यूट्रिशन इत्यादि उत्तीर्ण होना आवश्यक है। जिसके अंतर्गत लिक्विड एवं सॉफ्ट डाइट, थरेपिटिक डाइट पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस विषय के माध्यम से विद्यार्थी अपना भविष्य सरकारी एवं गैर सरकारी क्षेत्र में फूड इंस्पेक्टर, हेल्थ साइंस, डाइटिशियन, न्यूट्रीशनिस्ट, फूड रिसर्चर इत्यादि में बना सकते हैं।



62322-21101 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07

www.bhartiuniversity.org · bhartiuniversity.in@gmail.com

SCAN ME

## खबर संक्षेप

### हरदी स्कूल में बाल संसद का गठन



**छुरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हरदी संकुल केंद्र छुरा ब विकासखंड छुरा जिला गरियाबंद में सत्र 2025-26 के लिए बाल संसद के मंत्रियों का निर्वाचन समस्त अध्यनरत छात्र-छात्राओं के द्वारा मतदान प्रक्रिया के माध्यम से निर्वाचित किया गया संस्था प्रमुख सुखेश्वर राम पंकज द्वारा बाल संसद के नवनिर्वाचित मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई व सभी नवनिर्वाचित मंत्रियों को तिलक लगाकर व गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया साथ ही सभी मंत्रियों को उनके पद के अनुरूप कार्य करने व शाला विकास में योगदान देने को कहा गया दिलचस्प बात यह रही कि प्रत्येक पद के लिए अनेक उम्मीदवार बढ़-चढ़ के नामांकन दाखिल किया किसी ने भी नाम वापसी नहीं लिया निर्वाचन में मतदान अधिकारियों की भूमिका में सुखेश्वर राम पंकज सर, शांतिप्रभा मिंज मैडम, रूपसिंह ध्रुव सर, सुदामा प्रसाद लोधी सर व गोवर्धन यादव रहे बाल संसद में मंत्रियों के रूप में प्रधानमंत्री फलेश्वरी सूर्यवंशी रक्षा मंत्री सानिया टण्डवीर सांस्कृतिक मंत्री हेमलता कंवर पर्यावरण मंत्री कृतिका कंवर खेल मंत्री तुलसी ध्रुव कृषि मंत्री कृतिका कंवर स्वास्थ्य मंत्री मानवी ध्रुव वित्त मंत्री प्रेरणा कंवर वह अतिरिक्त मंत्री के रूप में चंद्रिका कंवर और चेतना कंवर है।

### पंजीकृत किसानों को 11 हजार रुपए प्रति एकड़ की सहायता जल्द

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में दलहन, तिलहन, मक्का आदि फसल उगाने वाले किसानों को कृषक उन्नति योजना का लाभ देने का फैसला किया है। मंत्री परिषद ने कृषक उन्नति योजना के प्रचलित निर्देशों को संशोधित करते हुए इसके दायरे को और विस्तृत किया है। राज्य सरकार द्वारा कृषि में पर्याप्त निवेश एवं कास्त लागत में राहत देने के लिए कृषक उन्नति योजना प्रारंभ की गई है। साथ ही फसल विविधीकरण को प्रोत्साहन देने, दलहन, तिलहन फसलों के क्षेत्र विस्तार और इनके उत्पादन में आत्म निर्भरता के लक्ष्य के साथ इस योजना के तहत चिन्हित अन्य फसलों पर भी आदान सहायता दिए जाने का निर्णय लिया गया है। उप संचालक कृषि गरियाबंद ने बताया कि दरअसल राज्य का अधिकांश क्षेत्र वर्षा आधारित होने के कारण मौसम की अनिश्चितता और बढ़ती लागत किसानों के लिए चुनौती बनी रहती है। इस योजना का उद्देश्य कृषकों का उन्नत बीज, उर्वरक, कीटनाशक, मानव श्रम, यांत्रिकीकरण एवं नवीन कृषि तकनीक में निवेश को प्रोत्साहित करना, फसल के कास्त लागत में कमी लाकर कृषकों की आय में वृद्धि तथा उनके सामाजिक-आर्थिक स्तर में सुधार लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस योजना के तहत खरीफ 2025 में दलहन, तिलहन, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी और कपास जैसी फसलों की खेती करने वाले किसानों को 10 हजार रूपये प्रति एकड़ की आदान सहायता राशि दी जाएगी। साथ ही, पिछले खरीफ में धान की खेती कर समर्थन मूल्य पर बेचने वाले और अब अन्य खरीफ फसलों की खेती करने वाले पंजीकृत किसानों को 11 हजार रूपये प्रति एकड़ की सहायता मिलेगी।

**निरीक्षण : शिक्षा व्यवस्था का जायजा लेने स्कूल पहुंचे कलेक्टर, शिक्षा के गुणवत्ता पर दिया जोर**

# सभी बच्चों को मिले किताबें, पढ़ाई न हो प्रभावित : कलेक्टर उड़के

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर बीएस उइके ने शुक्रवार को छुरा और फिंगेश्वर विकासखण्डों के विभिन्न स्कूलों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पीएचसी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता, छात्रों की उपस्थिति, पाठ्यपुस्तकों के वितरण और स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया।

- मालगांव के संकुल समन्वयक को कारण बताओं नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

कलेक्टर उइके ने शासकीय हाईस्कूल मालगांव, शासकीय नवीन माध्यमिक शाला बारूका, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पोंड, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पाण्डुका, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कोपरा, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला धूमा और शासकीय आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजिम का दौरा किया। उन्होंने सभी स्कूलों में पाठ्यपुस्तकों के वितरण की जानकारी ली और सुनिश्चित करने को कहा कि सभी बच्चों को किताबें मिलें ताकि उनकी पढ़ाई प्रभावित न हो।

#### कारण बताओ नोटिस जारी

शासकीय स्कूल मालगांव के संकुल समन्वयक उमेश निर्मलकर को पाठ्यपुस्तकों का वितरण न कराने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। संस्था प्रमुख को दो दिनों के भीतर वितरण पूरा करने का सख्त आदेश दिया गया।



#### होमवर्क पूरा करने पर किया प्रोत्साहित

कलेक्टर ने शिक्षकों को नियमित रूप से स्कूल आने और बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया। उन्होंने कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से उनकी पढ़ाई-लिखाई के बारे में बात की और उन्हें किसी भी विषय में कठिनाई होने पर शिक्षकों से बेझिझक प्रश्न पूछने और होमवर्क पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया।

#### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाण्डुका का निरीक्षण

कलेक्टर उइके ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाण्डुका का भी निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थिति पंजी, लैब, पंजीकरण कक्ष, वैक्सीन कक्ष, ड्रेसिंग कक्ष, इंजेक्शन कक्ष, चिकित्सक कक्ष, ओपीडी और अस्पताल में उपलब्ध दवाइयों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में स्वच्छता बनाए रखने और मरीजों का सही तरीके से उपचार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पाण्डुका में चल रहे मरम्मत और निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने ठेकेदार को निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर नवीन भगत, एसडीएम विशाल महाराणा और शिक्षा विभाग के अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

#### कम उपस्थिति पर जताई नाराजगी

शासकीय नवीन माध्यमिक शाला बारूका में छात्रों की कम उपस्थिति पर गहरी नाराजगी व्यक्त की गई। कलेक्टर ने शिक्षकों को अनुपस्थित बच्चों के घर जाकर अभिभावकों से बात करने और उन्हें स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करने को कहा।

## कृषकों को किया अरहर बीज मिनिकिट वितरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

शासन के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा ग्राम पंचायत सेम्हरा में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन एनएफएसएम दलहन विस्तार योजना के तहत कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही कृषकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण योजना अंतर्गत अरहर बीज मिनिकिट का वितरण किया गया। वर्तमान खरीफ सीजन में डीएपी के स्थान पर एसएसपी अथवा एनपीके उर्वरक के उपयोग हेतु कृषकों को सलाह दी गई। साथ ही विभिन्न फसलों में उर्वरकों के संतुलित उपयोग के माध्यम से खेती हेतु प्रोत्साहित किया गया। उर्वरक के उपयोग में कमी हेतु नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी छिड़काव हेतु विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद सदस्य नारायण सिन्हा सरपंच ललिता कंवर, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रोमण ठाकुर, अलका ध्रुव मौजूद रहे। उपस्थित अतिथियों के हाथों अरहर बीज का वितरण किया गया। कृषि विभाग के कर्मचारी द्वारा फसल बीमा योजना अंतर्गत खेती में जोखिम से बचाव हेतु कृषकों को फसलों के बीमा के लिए प्रोत्साहित किया गया। कृषकों को कुल बीमा का मात्र दो प्रतिशत देय होगा, शेष राशि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा वाहन किया जाएगा। फसल बीमा के लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 है। इस अवसर पर कृषक पुनीत राम, ठाकुर राम चन्द्राकार, हेमू चन्द्राकार, बाबूलाल, भोलाराम, जगत, रामती बाई, इद्रोतीन बाई, परमा देवांगन, मोहित, बाबूलाल साहू सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## सेंट जॉन्स स्कूल में छात्रसंघ चुनाव, वैभव व मेघा बने हेड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

छुरा के सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल में छात्रसंघ चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हो गए हैं। छात्रों में चुनाव को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला, जहाँ उन्होंने लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत अपने मताधिकार का प्रयोग कर विभिन्न पदों के लिए योग्य प्रतिनिधियों का चुनाव किया। नवनिर्वाचित छात्र पदाधिकारी हेड बॉय वैभव पटेल, हेड गर्ल मेघा पटेल, स्पोर्ट्स कैप्टन मोहम्मद फ़ज़ल, सांस्कृतिक सचिव जागृति चंद्राकर, हाउस कैप्टन एवं वाइस कैप्टन, राधाकृष्णन हाउस, कप्तान वर्षा यादव, उपकप्तान प्रज्ञान सिन्हा, टैगोर हाउस, कप्तान युक्ति बैस, उपकप्तान कृष्णा जैसवाल, टेरेसा हाउस, कप्तान मन्जूषा ठाकुर, उपकप्तान पुष्कर प्रधान, विवेकानंद हाउस, कप्तान, ख्वाहिश चंद्राकर, उपकप्तान, अर्पित चंद्राकर विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकगणों ने सभी विजयी विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि /"ये विद्यार्थी न केवल नेतृत्व कौशल का उदाहरण बनेंगे, बल्कि अनुशासन और समर्पण से विद्यालय का गौरव भी बढ़ाएंगे। यह चुनाव छात्रों में नेतृत्व की भावना विकसित करने के साथ-साथ उन्हें लोकतांत्रिक मूल्यों को समझने का एक श्रेष्ठ अवसर भी प्रदान करता है।

## भूमिका का प्रयास विद्यालय में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

कोपरा की भूमिका कश्यप, जो पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय, गरियाबंद में पढ़ रही हैं, का कक्षा 9वीं के लिए प्रयास आवासीय विद्यालय में चयन हो गया है। इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। भूमिका ने बताया कि प्रयास में चयन के बाद वह जीव विज्ञान विषय



लेकर नीट की तैयारी करेंगी और मेडिकल कॉलेज में प्रवेश लेकर एमबीबीएस की पढ़ाई कर डॉक्टर बनना चाहती हैं, ताकि लोगों की सेवा कर सकें। उन्होंने 3 साल की उम्र से अपनी प्रारंभिक पढ़ाई सरस्वती शिशु मंदिर कोपरा से की, जहाँ उन्होंने पांचवीं कक्षा में प्रथम स्थान हासिल किया। माध्यमिक स्तर की पढ़ाई के लिए उन्होंने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय, गरियाबंद में प्रवेश लिया, जहाँ उन्होंने छठी से आठवीं तक सभी कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 8वीं में उन्होंने 90.17% अंकों के साथ टॉप किया। अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद गरियाबंद के अध्यक्ष उमेंदी कोर्राम, हल्बा समाज परिक्षेत्र बिंद्रा नवागढ़ के अध्यक्ष जैतराम नाग, संरक्षक महेंद्र नेताम, अध्यक्ष महिला मोर्चा गरियाबंद लोकेश्वरी नेताम, अध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ हल्बा समाज रोहित कुमार बोर्झा, महेंद्र बोर्झा, जनपद सदस्य राकेश मुर्रा, मिथलेश नाग, पारसनाथ श्रीमाली, रूपसिंह सोम, रमेश सोम, अ.भा.आ.वि. परिषद सचिव विष्णु नेताम, युवा प्रभाग जिलाध्यक्ष गजेंद्र पुजारी, युवा प्रकोष्ठ 18 गढ़ हल्बा समाज अध्यक्ष विशेश्वर कश्यप, संतराम मरकाम ने उज्वल भविष्य की कामना की है।

## भृत्य जनक राम को 6 माह का भुगतान नहीं, न्याय की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

जनपद पंचायत छुरा के ग्राम पंचायत मड़ेली में बीते 12-13 वर्षों से सेवारत भृत्य जनक राम टाण्डे इन दिनों एक गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। अपने दाएं पैर को एक अज्ञात बीमारी के कारण गंवाने और उसके बाद नौकरी जारी रखने के बावजूद, उन्हें अब आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उनका छह महीने का वेतन बकाया है। जनक राम को अज्ञात बीमारी के चलते अपना दाहिना पैर कटवाना पड़ा। इस शारीरिक अक्षमता के बावजूद, उन्होंने अपनी नौकरी जारी रखने का प्रयास किया। हालांकि, जनपद सीईओ ने उन्हें कार्यमुक्त करने का आदेश दिया, जिसके बाद जनक राम ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

**बकाया भुगतान और आर्थिक संकट-** समस्या यहीं खत्म नहीं हुई। जनक राम का पिछले छह महीने का भुगतान अभी तक नहीं हुआ है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और बिगड़ गई है। दिव्यांग होने के कारण वे अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। जनक राम टाण्डे ने बताया कि उनका बकाया भुगतान पूर्व सरपंच के कार्यकाल का है। लेकिन, वर्तमान सरपंच हिसाब नहीं मिलने का हवाला देकर भुगतान करने से इनकार कर रहे हैं।



**शासन-प्रशासन से न्याय की अपील-** जनक राम ने शासन और प्रशासन से गुहार लगाई है कि उनका बकाया भुगतान तुरंत किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे जिले के कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। यह मामला छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले का है, जहाँ छुरा तहसील स्थित है। गरियाबंद जिले में छुरा, मैनपुर, देवभोग, फिंगेश्वर और अमलीपदर जैसी तहसीलें हैं। जनक राम की यह समस्या प्रशासनिक और सामाजिक मुद्दों को उजागर करती है, जिस पर जल्द से जल्द ध्यान देने की आवश्यकता है।

### श्रमिकों पंजीयन के लिए शिविर 21 से

**गरियाबंद।** श्रम विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मण्डल और असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल द्वारा श्रमिकों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएँ संचलित की जा रही है। इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए श्रमिकों का पंजीयन एवं पूर्व नवीनीकरण अनिवार्य है। श्रमिकों के सुविधा के लिए विभिन्न कार्य स्थल, निर्माण स्थल एवं स्थापनाओं पर कार्यरत श्रमिकों के लिए 21 जुलाई से अलग-अलग तिथियों में जिले के 12 ग्राम पंचायतों में निःशुल्क मोबाईल कैंप शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविरों में श्रमिकगण उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकेंगे। नये पंजीयन के लिए मूलप्रति आधार कार्ड, बैंक खाता राशन कार्ड, मोबाईल नम्बर ओटीपी, परिवार का आधार कार्ड लाना होगा। नवीनीकरण के लिए मूलप्रति श्रम कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाता राशन कार्ड, मोबाईल नम्बर ओटीपी लाना होगा। प्रभारी श्रम पदाधिकारी गरियाबंद ने बताया कि 21 जुलाई को विकासखण्ड गरियाबंद के ग्राम पंचायत चिखली कुरूभाठा में शिविर का आयोजन होगा।

## हेमंत ने जन्मदिन पर मां के नाम लगाया पेड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

भारतीय जनता पार्टी मंडल खड़मा के अध्यक्ष हेमंत सिन्हा ने अपने जन्मदिन की शुभ अवसर पर मां के नाम एक पेड़ लगा कर उसके सुरक्षा घेरा कर रोपण किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से वरिष्ठ कार्यकर्ता के रूप में जगन्नाथ पाण्डेय खड़मा मंडल के महामंत्री पालेन्द्र साहू, सरंपच गोवर्धन दीवान, माखनलाल दीवान, थनेश्वर धुव, ताराचंद बरिहा, पोलिंग बूथ अध्यक्ष मानसिंग दीवान, डोमन



विश्वकर्मा, बुथ सचिव गोकुल कुंभकार, पंच गौतम ध्रुव, पंच लेखराम ध्रुव, होरी लाल दीवान, मखियार नागवंशी, मानिक राम साहू, निरंजन कुंभकार, नीतेश दीवान सभी ने मिलकर कर अध्यक्ष महोदय हेमंत सिन्हा जी को शुभकामनाएं बधाई देते हुए केके काट कर मनाया वहीं सभी कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया।

## मां झरझरा मंदिर में सितंबर में होगी भागवत कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

मां झरझरा विकास समिति ग्राम मुरमुरा के सभी सदस्यों सरपंच गांव के प्रमुख लोग राष्ट्रीय स्तर के कथावाचक पंडित युवराज पांडे के निजनिवास अमलीपदर में सौजन्य भेंट मुलाकात कर झरझरा मंदिर के विषय में चर्चा करते हुए बताया गया कि झरझरा माता का दिव्य स्वरूप मां झरझरा विराजमान है जो चारों तरफ से प्राकृतिक सौंदर्य से



घिरा हुआ है, जो मन को भावित करता है,झरझरा मंदिर में भव्य भागवत कथा कराने का विचार विमर्श किया जिसमे सबके सर्वसम्मति से अभी नवरात्र 23 सितम्बर से 28 सितम्बर 2025 तक 6 दिन का भव्य भागवत कथा का आयोजन कराने का चर्चा हुआ है,सभी भक्तजन कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें, जिसमें मुख्य रूप से झरझरा विकास समिति के अध्यक्ष ढालू राम साहू, सरपंच दीपक ध्रुव, मोहन साहू, लक्ष्मण साहू, अर्जुन सुंदरानी जी, टीकू ध्रुव जी, खेलावन साहू, जगदीश साहू, रेख राम साहू, अभिषेक चतुर्वेदी, उपसरपंच कोमल साहू, अनिल साहू, समाज सेवक रोशन लाल साहू जी आदि उपस्थित रहे।

**बड़े शहरों में ही यह नियम लागू, पट्टा अधिकार में वार्षिक आय की सीमा बढ़ी**

# अब 5 डिसमिल से कम कृषि भूमि की नहीं होगी रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

प्रदेश सरकार ने अब एक विधेयक पारित कर साफ कर दिया है कि 5 डिसमिल से कम कृषि भूमि की रजिस्ट्री नही होगी। इस विधेयक में कहा गया है कि ये नियम शहरो में लागू नही होंगे परंतु लोगो के बीच भ्रम की स्थिति यह है कि क्या ये नियम बड़े शहरो के लिए है? या फिर सभी नगरीय निकाय क्षेत्र के लिए? बताना उचित होगा कि राजिम क्षेत्र में जिसे देखो वही जमीन दलाली के काम में लगे हुए है क्योंकि इसमें पैसो की भरमार है। इस विधेयक के बाद शुक्रवार को जब ये खबर चर्चा में आई तो इससे जुड़े लोग एकबारगी हड़बड़ा गए है। ये जानना चाह रहे है कि ये नियम सिर्फ बड़े शहरो में लागू होंगे कि प्रदेश के सभी नगरीय निकाय क्षेत्रो में?

#### स्वतः नामांतरण और बिल्डरों पर नकेल

*इस संशोधन में रजिस्ट्री के साथ स्वतः नामांतरण की प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई है। इसके अलावा, दान की भूमि के लिए भी नए प्रावधान बताए गए हैं। एक महत्वपूर्ण बदलाव यह है कि अब कॉलोनी डेवलपर या बिल्डर रोड, गार्डन, मंदिर जैसी सार्वजनिक उपयोग के लिए छोड़ी गई जमीन को बेच नहीं पाएंगे। राजस्व मंत्री ने बताया कि अब तक बिल्डर फ्लैट बेचते थे और जमीन अपने नाम रखते थे, लेकिन अब फ्लैट मालिकों के साथ 10 हजार वर्गफुट जमीन भी समानुपातिक रूप से उन क्रेताओं के नाम पर रहेगी, जिसमें गार्डन, मनोरंजन स्थल, या भवन का क्षेत्र शामिल होगा। इससे पहले बिल्डर इन जगहों पर कॉम्पलेक्स बना देते थे या रोड को बेच देते थे, जिससे कई समस्याएं होती थीं। यह संशोधन इन समस्याओं को दूर करेगा।*

इस संबंध में पता लगाने की भरपूर कोशिश संबंधितों ने की है। परंतु जानकारी देने वाला कोई नहीं रहा। यहां तक कि अधिकारिक रूप में भी कोई इसे बताने में सफल नहीं रहा। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा का मानना है कि 5 डिसमिल से कम जमीन की रजिस्ट्री होने से अवैध प्लाटिंग के काम में काफी बढ़ोत्तरी हो गई थी इससे समस्याएं उत्पन्न हो रही थी। जानकारी के मुताबिक राजस्व मंत्री ने स्पष्ट किया है कि यह नया नियम शहरो में लागू नही होगा। क्योंकि शहरो में भूमि आमतौर पर कृषि श्रेणी से बाहर होती है। शहरी क्षेत्रो में डायवर्टेड भूमि जो व्यवसायिक और आवासीय उपयोग के लिए होती है उसकी रजिस्ट्री पहले की तरह होती रहेगी। इस बीच लोगो में यही भ्रम बना हुआ कि क्या सभी नगरीय निकाय क्षेत्रो में भी पहले की तरह रजिस्ट्री होती रहेगी? जियो-रेफरेंसिंग आधारित डिजिटल मैप को कानूनी मान्यता विधेयक में जियो-रेफरेंसिंग आधारित डिजिटल मैप को कानूनी मान्यता देने का भी प्रावधान है। राजस्व मंत्री ने बताया कि पूरे प्रदेश में जियो-रेफरेंसिंग का काम चल रहा है, लेकिन अब तक इसे विधिक मान्यता नहीं मिली थी। इस विधेयक के पारित होने से डिजिटल मैप को कानूनी दर्जा मिलेगा, जिससे सीमांकन और बटांकन (नक्शे के बंटवारे) से जुड़े विवाद समाप्त हो जाएंगे और भविष्य में कोई गड़बड़ी नहीं होगी।

इसके अतिरिक्त, छत्तीसगढ़ नगरीय क्षेत्रों के आवासहीन व्यक्ति को पट्टाधृति अधिकार (संशोधन) विधेयक 2025 भी पारित किया गया है। इस विधेयक के तहत, बीएलसी के अंतर्गत नगरीय निकाय क्षेत्र में निवासरत पात्र हितग्राहियों के लिए ईडब्लूएस श्रेणी की अधिकतम वार्षिक आय 3 लाख रूपए निर्धारित की गई है। इससे पहले यह सीमा 2.5 लाख थी। इस संशोधन से अधिक लोग पट्टा अधिकार का लाभ उठा सकेंगे।

